बांटो बांटो मिठाई मनाओ खुशी दिवाली भजन लिरिक्स

बांटो बांटो मिठाई मनाओ खुशी,
मुंह मीठा कराओ अवधवासियों,
आज वन से अवध आ रहे है प्रभु,
दिप माला सजाओ अवधवासियों,
बाँटो बाँटो मिठाई मनाओ खुशी।bd।

तर्ज – जय हो जय हो तुम्हारी जी।

आ रहे राम रावण का संहार कर,
पापी असुरो से धरती का उद्धार कर,
काली कजरारी रजनी अमावस्या की,
इसे रोशन बनाओ अवधवासियों,
बाँटो बाँटो मिठाई मनाओ खुशी।bd।

माता सीता सहित श्री लखन जामवंत,
वीर हनुमान सुग्रीव अंगद के संग,
बोध लंकापति श्री विभीषण को भी,
अपने पन का कराओ अवधवासियों,
बाँटो बाँटो मिठाई मनाओ खुशी।bd।

आ रहा राम का राज्य गूंजे ये स्वर,
झूमे 'कुलदीप' सरयू की पावन लहर,
पुष्प वर्षा करे देव 'देवेंद्र' संग,
धरती माँ को सजाओ अवधवासियों,
बाँटो बाँटो मिठाई मनाओ खुशी।bd।

बांटो बांटो मिठाई मनाओ खुशी,
मुंह मीठा कराओ अवधवासियों,
आज वन से अवध आ रहे है प्रभु,
दिप माला सजाओ अवधवासियों,
बाँटो बाँटो मिठाई मनाओ खुशी।bd।

स्वर – देवेंद्र पाठक जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com